Fashion Express
(A GOVT. OF INDIA RECOGNISED EXPORT HOUSE)

Factory :
100, Udyog Vihar, Phase-I,
Gurgaon - 122016, INDIA
☎ : 91 - 124 - 4002582 / 83 / 84
Fax : 91 -124 - 2439558
E-mail : fex@vsnl.com

दिनांक : 22.09.2007

सामान्य सूचना
लाक आउट नोटिस

श्रमिको को विदित है कि ईकाई लगभग पिछले 4–6 महिने से कियावान्तित की व्यवस्था में नही रहने दी गई है। ईकाई में वितिय व्यवस्थाएं पिछले कुछ सालों से कम्पनी के प्रोमोटर द्वारा अपने एसेस्ट को बेचने के आधार पर ही की जाती रही है परन्तु उसके बाद भी ना केवल टर्न आवर आधी से भी कम कर दी गई अपितु वितिय व्यवस्थाएं जो संस्थान के लिए की गई वे सभी धीरे–धीरे समाप्त होती गई । वर्तमान में जहा ईकाई के पूर्णतयः आर्डर श्रमिको द्वारा पैदा की गई व्यवस्थाओं के कारण रदद् हुई वही भारी वितिय क्षति के आधार पर संस्था को चलाने के लिए पैसा नही रहा और कैंश लिक्वीडिटी भी पूर्णतयाः अव्यवस्थित हो चुकी है इन सभी हालातों का श्रमिको को ज्ञान है तथा इसी के परिणामस्वरूप श्रमिको को वेतन देने में भी भारी संघर्ष करना पड़ रहा है।

बैंकिंग संस्थाएं किसी प्रकार से मदद् करने को तैयार ना है अपितु हर बेक अपने लॉन की वापसी की फिराक में है। इसके अतिरिक्त भिन्न– भिन्न सरकारी अथोरिटी को भारी राशियां देनी है परन्तु ये सभी राशियां प्रबन्धक देने में असमर्थ है । पिछली कुछ अवधि मे संस्था द्वारा जारी चैक भी dishonour होकर आ चुके है तथा सम्बधित पार्टियों के समक्ष कम्पनी की साख पूर्णतयाः ध्वस्त हो चुकी है । सरकार के समक्ष प्रबन्धक एक डीफालटर बन चुके है। इन सभी व्यवस्थाओं के लिए श्रमिको का रोल श्रमिको को ज्ञात है । जिस प्रकार से विदेशी संस्थाओं को भेजा गया माल रिजेक्ट किया गया है और जिन हालातों में विदेशी कम्पनीयों द्वारा अदायगी पर रोक लगाई गई है और प्रबन्धक भविष्य में इन ईकाईयों से बिजनेस पाने में असमर्थ हो चुके है ऐसे मे प्रबन्धक इकाई को चलाने मे पूर्णतया असमर्थ है !

इन सभी व्यवस्थाओं के आधार पर कम्पनी का भविष्य अंधकार में हो चुका है। जहां कम्पनी में लेन देन हेतू वितिय व्यवस्था ना है वही कम्पनी के पास ईकाई को चलाने के लिए पैसे भी नही है और ना ही संस्थान में आर्डरस की व्यवस्था है।

उक्त सभी कारणों को मददेनजर रखते हुए तथा वर्तमान के सभी हालातों को देखते हुए प्रबन्धकों को तुरन्त प्रभाव से संस्थान में लॉक आउट करना पड़ रहा है जोकि श्रमिको के नकारात्मक रूख के आधार पर पैदा व्यवस्थाओं के कारण अग्रसर हुआ है । प्रबन्धक ना केवल दिनांक 20.07.2007 से ईकाई में जाने में असमर्थ कर दिये गये है अपितु संस्थान के सभी अधिकारिगण श्रमिको के भय, आंतक व व्यवस्था के कारण ईकाई छोड़ चुके है। प्रबन्धको के पास लेन देन के किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नही है।

ऐसे में प्रबन्धको को मजबूरन आज दिनांक 22.09.2007 सांय से लॉक आउट करना पड़ रहा है। यह लॉक आउट तुरन्त प्रभाव से लागू कर दिया गया है और आगामी आदेशों तक जारी रहेगा। श्रमिकों को हिदायत दी जाती है कि वे कारखाना तुरन्त खाली कर देवे तथा सोमवार यानि 24.09.

Fashion Express
(A GOVT. OF INDIA RECOGNISED EXPORT HOUSE)

Factory :
100, Udyog Vihar, Phase-I,
Gurgaon - 122016, INDIA
☎ : 91 - 124 - 4002582 / 83 / 84
Fax : 91 -124 - 2439558
E-mail : fex@vsnl.com

2007 संस्थान के अन्दर ना आवें वतैमान मे इकाई की व्यवस्था सुरक्षा ठेकेदार के कर्मचारियों को दे दी गई है और हिदायत अनुसार किसी भी कर्मचारी को संस्था मे नही आना है तथा संस्थान के सभी शैड व दफतरों पर ताला लगा दिया गया है अतः ऐसे मे यदि कोई कर्मचारी जबरन, संस्थान के अहाते मे आयेगा या किसी प्रकार की तोड फोड करेगा या शैड इत्यादि को खोलेगा या किसी प्रकार से ठेकेदार के सुरक्षाकर्मी से अभद्रता करेगा तो ऐसे मे वे सभी श्रमिक या उनके साथी ईकाई में घुसपेठीयें माने जाएगें और उनके विरूद्व कानून अनुसार फौजदारी कार्यवाही होगी और इसके अतिरिक्त किसी प्रकार के नुक्सान व क्षति की पूर्ति उसी दोषी व्यक्ति को करनी होगी और यदि ईकाई में किसी प्रकार से ऐसा हुआ तो इसकी जिम्मेदारी श्रमिकवर्ग तथा उनके प्रतिनिधियों की होगी। यह नोट करे।

मैसर्स – फैंशन एक्सप्रेस

(अधिकृत प्रतिनिधि)

कापी चस्पा :

1. फैक्टरी गेट बाहर की तरफ
2. नोटिस बोर्ड
3. उप श्रमायुक्त, गुड़गावं सर्कल – 1
4. अतिरिक्त श्रमायुक्त NCR , Gurgaon
5. डिप्टी कमीश्नर , गुड़गावं
6. कमीश्नर , गुड़गावं
7. कमीश्नर आंफ पुलिस , गुड़गावं
8. डिप्टी कमीश्नर आंफ पुलिस , गुड़गाव
9. लेबर कमीश्नर , हरियाणा चण्डीगढ़
10. सचिव श्रम विभाग, हरियाणा , चण्डीगढ़
11. प्रधान / सचिव
    फैशन एक्सप्रैस कर्मचारी सगठन
    कमरा न0 – 5 , गौशाला मार्किट
    नजदीक बस स्टेण्ड , गुड़गावं